भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भा.वि.प्रा द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 'उत्कर्ष' के साथ 29 वाँ वार्षिक दिवस आयोजित किया गया

नई दिल्ली, 2 **अप्रैल, 2024** : देश में नागर विमानन के मुख्य आधार स्तंभ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा) द्वारा 1 अप्रैल, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में पूर्ण भव्यता के साथ अपने 29 वें वार्षिक दिवस का आयोजन किया गया। श्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया, माननीय नागर विमानन मंत्री , जनरल (डॉ .) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री; श्री वी. वुअलनाम, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय; भा.वि.प्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार, बोर्ड सदस्य, भा.वि.प्रा और वरिष्ठ अधिकारी इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित थे।

भा.वि.प्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि “भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारतीय नागर विमानन उद्योग का मुख्य आधार स्तंभ होने और प्रौद्योगिकी में नवाचार और अवसंरचना के आधुनिकीकरण सहित इसके विकास को आगे बढ़ाने में गौरवान्वित है। उन्होंने पिछले वर्षों में संगठन द्वारा प्राप्त किए गए रिकॉर्ड कैपेक्स का उल्लेख किया और कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में संगठन ने रुपये 5200 करोड़ से अधिक कैपिटल एक्ष्पेंडीचर (Capital Expenditure) कैपेक्स अर्जित किया। उन्होंने रिकॉर्ड समय में पूर्ण की गई विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं सहित पिछले वर्ष की संगठन की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

दर्शकों को संबोधित करते हुए, श्री ज्योदिरादित्य सिंधिया, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में पधारे भा.वि.प्रा कर्मचारियों के अपार जनसमूह ने विकास हेतु संगठन की प्रतिबद्धता के प्रति अटूट समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया है। माननीय मंत्री द्वारा भा.वि.प्रा और अन्य विमानन हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने भारत के विमानन क्षेत्र को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और वैश्विक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी स्थिति सुद्दढ़ की है।

जनरल (डॉ.) वी.के सिंह (सेवानिवृत्त), माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में भा.वि.प्रा कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों को सभी ने सराहा है, जिसके परिणामस्वरूप पूरे भारत में हवाई अड्डों का विकास हुआ है।

इस अवसर पर, गणमान्य जनों द्वारा दो पुस्तकों "आप्टिमाइजिंग पैसन्जर हैंडलिंग कैपेसिटी फॉर एएआई एयरपोर्ट थ्रू टर्मिनल रीकॉन्फिगरेशन " और “ ट्रडिशन एंड लोकल आर्किटेक्चर ऑन इलवेशन एंड डिजाइन ऑफ अपकमिंग न्यू टर्मिनल बिल्डिंग” का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जेनिथ डांस ग्रुप द्वारा गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद ग्रुप द्वारा कई अन्य शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। इसके पश्चात्, मंच पर शंकर महादेवन और मैथिली ठाकुर की संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लोकप्रिय कलाकारों ने अपनी प्रसिद्ध रचनाएँ प्रस्तुत कीं जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

29 वें वार्षिक दिवस पूर्व संध्या पर, भा.वि.प्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार द्वारा भा.वि.प्रा हवाई अड्डों और टीमों को अवार्ड प्रदान किए गए। भा.वि.प्रा हवाई अड्डों के बीच एसीआई-एएसक्यू सर्वेक्षण 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर इंदौर हवाई अड्डे को सम्मानित किया गया। भा.वि.प्रा हवाई अड्डे के बीच एसीआई-एएसक्यू सर्वेक्षण 2023 में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दो अन्य हवाई अड्डे; चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और वाराणसी हवाई अड्डे को सम्मानित किया गया । ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 2023 अवार्ड भोपाल (प्रथम स्थान); उदयपुर हवाई अड्डा (द्वितीय स्थान); देहरादून हवाई अड्डा (तृतीय स्थान) और जम्मू हवाई अड्डा (चतुर्थ स्थान) को प्रदान किए गए।

इसके अलावा, इंजीनियरिंग, निगमित संचार, वास्तुकला, सीएनएस और एटीएम जैसे विभिन्न संवर्गों की विभिन्न टीमों को "अध्यक्ष प्रशस्ति पुरस्कार" भी प्रदान किए गए।

निगमित संचार निदेशालय, भा.वि.प्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 1/2024-25

भा.वि.प्रा के वार्षिक दिवस 2024 के अवसर पर श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष भा.वि.प्रा स्वागत भाषण देते हुए।

श्री ज्योतिरादित्य एम.सिंधिया, माननीय नागर विमानन मंत्री, जनरल (डॉ .) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री ने दो पुस्तकों "आप्टिमाइजिंग पैसन्जर हैंडलिंग कैपेसिटी फॉर एएआई एयरपोर्ट थ्रू टर्मिनल रीकॉन्फिगरेशन " और " ट्रडिशन एंड लोकल आर्किटेक्चर ऑन इलवेशन एंड डिजाइन ऑफ अपकमिंग न्यू टर्मिनल बिल्डिंग" का विमोचन किया। इस अवसर पर वुमलुनमंग वुअलनाम, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय और श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भा.वि.प्रा उपस्थित थे।

श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय नागर विमानन मंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए।

जनरल (डॉ .) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए

जेनिथ डांस ग्रुप द्वारा नृत्य प्रदर्शन

प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर

शंकर महादेवन ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र-मुग्ध किया।